पंजाब केसरी 16-03-2023

# जी.एम.एन. कालेज में पी.पी.टी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों के साथ कालेज प्राचार्य। (चंदमोहन)

अम्बाला छावनी, 15 मार्च (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 19 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम स्थान, दीपा ने द्वितीय स्थान, हर्षित ने तृतीय स्थान तथा खुशी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता डा. नेहा, डा. नियति, डा. सुजाता की देखरेख में की गई, जिसमें ऑर्गेनाइजिंग सचिव की भूमिका दीप्ति धीमान ने निभाई।